तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **शंकर लाल सिसोदिया बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अति.जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 72/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11/11/2024	अपीलार्थी शंकर लाल सिसोदिया निवासी शांति प्रिया कॉलोनी बोरूंदा, जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 21.07.2024 में वर्णित बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम), जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 2176 दिनांक 04.11.2024 से अवगत कराया कि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र में वर्णित सूचना उपलब्ध कराने हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जरिये पत्रांक 2176 दिनांक 04.11.2024 को प्रभारी अधिकारी, भू-अभिलेख शाखा, जिला कलक्टर कार्यालय, जोधपुर को प्रेषित किया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) के स्तर से अपेक्षित नही होकर लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकारी, भू-अभिलेख शाखा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) जोधपुर) के स्तर पर लंबित है। अतः अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख शाखा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे अन्यथा नही दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत करावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by G[illegible]rav Agrawal
Designation: Colle[illegible]r & District Magistrate
Date: 2024.11.[illegible] [illegible]8:24:06 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 11721681